हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, गुरुवार, 2 मई 2024

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान

अधिकतम 41 डिग्री

न्यूनतम 27 डिग्री


11 कातलबोड़ स्कूल में करियर मार्गदर्शन शिविर शुरू, पहले दिन...





12 श्रमिकों के सम्मान में नागरिकों ने खाया बोरे बासी




## खबर संक्षेप

### पेंशनरों की मासिक बैठक होगी 4 को

**मगरलोड।** पेंशनर एसोसिएशन तहसील शाखा मगरलोड की मासिक बैठक 4 मई शनिवार को पेंशन भवन में आयोजित की गई है। बैठक में मई माह में जन्मे पेंशनरों का जन्मदिवस मनाया जायेगा। साथ ही संघ की गतिविधियों पर चर्चा की जाएगी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी कोमलसिंह साहू ने दी है।

### जिला स्तर पर हेल्प डेस्क नंबर स्थापित

**धमतरी।** परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव को दूर करने के लिए राज्य शासन ने पालक शिक्षक बैठक (पीटीएम) समय-समय पर लेने के लिए प्राथमिकता तय की है। आने वाले समय में विभिन्न बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित किये जायेंगे। इसके मद्देनजर कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर परीक्षा परिणाम से मुक्त करने के लिए पालकों एवं विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने जिला स्तर पर हेल्पडेस्क नंबर 07722-230989 स्थापित किया गया है।

### पांचवीं में हर्ष रहा प्रथम

**अंवरी।** नवीन प्राथमिक शाला टिकरापारा में कक्षा 5वीं का



वार्षिक परिणाम घोषित किया गया जिसमें हर्षकुमार साहू पिता छम्मन साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे व तीसरे स्थान पर मुकेश साहू पिता ऋषि साहू, खुशी पिता रूपसिह लोहार रहे। इस उपलब्धि पर प्रधानपाठक श्री सेन, शिक्षिका पुष्पलता साहू, ऋतु साहू, ध्रुव मेडम, साहू मेडम, सारांश, माही व परिवारजनों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### करंट की चपेट में आने से बच्चे की गई जान

**धमतरी।** छत में पानी डालते समय 15 वर्षीय किशोर की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के



अनुसार गुरुर थाना के ग्राम खर्रा निवासी एवेंद्र साहू के मकान की छत की सोमवार को ढलाई हुई थी। मंगलवार की शाम एवेंद्र का 15 वर्षीय पुत्र राहुल साहू छत पर चढ़कर पानी डाल रहा था। इसी दौरान वह छत के पास से गुजरे विद्युत तार की चपेट में आ गया। करंट लगने से राहुल छत पर गिर गया। घटना की जानकारी होने पर परिजनों ने राहुल को उपचार के लिए मसीही अस्पताल पहुंचाया। डाक्टर ने चेकअप के बाद राहुल को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने बुधवार को मर्ग, पंचनामा व पोस्टमार्टम पश्चात परिजनों को शव सौंप दिया है।

---

शादी-ब्याह, शराब दुकान सहित अन्य स्थानों पर हो रहा खुलकर उपयोग

# चालीस वार्डों से रोज निकल रहे 10 टन कचरे में 70 फीसदी पॉलीथिन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्लास्टिक पर बैन का अभियान ठंडा पड़ गया है। नगर निगम और जिला प्रशासन भी इस मामले में अब कार्रवाई नहीं कर रहा है, जिसके कारण पूरे जिले में धड़ल्ले से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग हो रहा है। शादी-ब्याह जैसे समारोह में तो इसका अंधाधुंध उपयोग हो रहा है। शराब दुकानों के आसपास तो सिंगल यूज प्लास्टिक का पहाड़ बन गया है।

दो साल पहले शासन ने सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगा दिया था। शुरूआती दौर में प्रतिबंध को लागू करने के लिए जोर-शोर से अभियान चलाया गया। कार्रवाई भी हुई, लेकिन अब यह अभियान ठंडा पड़ गया है। करीब एक साल से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग रोकने की दिशा में कोई एक्टिविटी नहीं की गई है। इसका नतीजा यह हुआ है कि पूरे जिले में धड़ल्ले से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग हो रहा है। नगर निगम क्षेत्र में स्थिति और खराब है। वार्डों में जगह-जगह पॉलीथिन का ढेर शहर में आसानी से देखा जा सकता है। मवेशी भी इसे खाकर बीमार पड़ रहे हैं और कई मवेशियों की मौत भी हो रही है।

#### शादी-ब्याह में जमकर उपयोग

सस्ता और सुलभ होने के कारण शादी-ब्याह सहित अन्य समारोह में डिस्पोजल गिलास, कटोरी, चम्मच आदि का खुलकर उपयोग हो रहा है। पार्टी के खुले स्थान पर इस कचरा को फेंक दिया जाता है। खाना के चक्कर में मवेशी इन प्लास्टिक की चीजों को चबा रहे हैं जिससे उनके स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि दो साल पहले नियम बना था कि किसी भी सामुदायिक भवन, मैरिज ग्राउंड सहित अन्य स्थानों पर सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग होता है तो संस्था के संचालक पर कार्रवाई की जाएगी। कुछ एक स्थान पर कार्रवाई भी की गई लेकिन अब पूरा अभियान ठंडा पड़ गया है जिसके कारण हर जगह सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग हो रहा है।



#### लोगों में जागरूकता की कमी

शहर में 40 वार्ड है, जहां से हर दिन दो ट्रेक्टर ट्राली और तीन मेटाडोर कचरा कलेक्शन हो रहा है। रोजाना औसतन 10 टन कचरा कलेक्शन हो रहा है। विडंबना यह है कि इसमें से 70 प्रतिशत कचरा झिल्ली, पन्नी, डिस्पोजल, प्लास्टिक बोतल आदि रहता है। प्लास्टिक के उपयोग को लेकर लोगों में भी जागरूकता नहीं आई है। वे इसका खुलकर उपयोग कर रहे हैं। उपयोग के बाद वे बाकी कचरा के साथ ही इसे फेंक देते हैं जिससे समस्या और भी बढ़ जाती है। इस कचरा का बाकी कचरे से अलग करना काफी मुश्किल हो जाता है।

#### निगम की अच्छी पहल

नगर निगम ने कुछ साल पहले कचरे से प्लास्टिक को अलग कर इसे बेचने की योजना बनाई थी लेकिन यह योजना ज्यादा दिन नहीं चल पाई। अब फिर से इसे नए सिरे से शुरू किया गया है। कचरे से निकलने वाले प्लास्टिक, पॉलीथिन आदि को अलग कर पैकेट बनाकर रखा जा रहा है। इस प्लास्टिक को सीमेंट फैक्ट्री, सड़क निर्माता कम्पनी आदि को बेचा जाएगा।

#### नालियां हो रहीं जाम, बारिश में होगी समस्या

सिंगल यूज प्लास्टिक का सबसे ज्यादा दुष्प्रभाव शहर के ड्रेनेज सिस्टम में देखने को मिल रहा है। लोग बाकी कचरे के साथ प्लास्टिक को भी नाली में बहा रहे हैं। यह प्लास्टिक पानी के बहाव का रास्ता ब्लाक कर रहा है। बारिश में यह समस्या विकराल रूप ले लेती है। नालियों के जाम होने से हर साल बारिश में कई वार्डों में पानी भर जाता है।

---

30 हेक्टेयर पर ढेस तथा 10 हेक्टेयर पर लाल सिंघाड़ा की हो रही खेती

# जिले में जलीय खेती का बढ़ रहा रकबा


हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में जलीय खेती का रकबा धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। किसानों का रूझान ढेंस और सिंघाड़ा फसल को लेकर बढ़ा है लेकिन कृषि विज्ञान विभाग द्वारा मखाना की खेती के लिए किया गया प्रयास असफल रहा। यहां के किसान मखाना की खेती को रिस्पांस नहीं दे रहे हैं।

करीब 30 साल पहले जिले में ढेंस फसल की पैदावारी नहीं के बराबर होती थी। हटकेशर, रत्नाबांधा के किसान संतोष मीनपाल, मुकेश साहू ने बताया कि हटकेशर, रत्नाबांधा होते हुए पीडी नाला बहता है। बारहों महीने इस नाले में निस्तारी पानी बहने से आसपास के खेतों में हमेशा पानी भरा रहता है, जिससे यहां की जमीन दलदली हो गई। यहां की जमीन में धान फसल लेना संभव नहीं है। करीब 30 साल पहले दूसरे जिले से आए कुछ किसानों ने ढेंस की खेती शुरू की। धीरे-धीरे ढेंस की खेती का रकबा बढ़ते गया। शीतलापारा, हटकेशर, रत्नाबांधा तथा मुजगहन की करीब 50 एकड़ जमीन पर व्यापक रूप से ढेंस की फसल ली जा रही है। इससे 40 से 50 मजदूरों को बारहों माह रोजगार मिलने लगा है।

ढेंस निकालने वाले मजदूर महेश कुमार ध्रुव, श्रवण सिदार ने बताया कि ढेंस की फसल एक साल में तीन बार निकाली जाती है। दर्जन भर से ज्यादा किसान इसकी खेती कर रहे हैं। एक के बाद एक खेतों से ढेंस निकालने से उन्हें बारहों माह रोजगार मिलता है। 3 से 4 घंटा काम करने के एवज में उन्हें 200 से 250 रूपये मिलता है। कई मजदूर दो शिफ्ट में काम कर 4 से 5 सौ रूपये की मेहनताना पाते हैं। फिर भी ढेंस की फसल निकालने मजदूरों की कमी बनी रहती है। उनका कहना है कि कमरभर दलदली पानी में घुसकर ढेंस निकालना मेहनत का काम है।

कृषि विज्ञान विभाग की डॉ. दीपिका ने बताया कि जलीय खेती में ढेंस और लाल सिंघाड़ा का रकबा धीरे-धीरे बढ़ रहा है। जिले में ढेंस की खेती करीब 30 हेक्टेयर तथा सिंघाड़ा की खेती 10 हेक्टेयर से अधिक हो रही है। ढेंस की खेती दलदली जमीन पर होती है। रत्नाबांधा, हटकेशर, मुजगहन का पेंच ढेंस के लिए अनुकूल है। मखाना की खेती किसान नहीं करना चाहते।



#### पोखर-तालाबों में खेती

कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाल सिंघाड़ा जलीय खेती है। उड़ेना, कंडेल सहित अनेक गांवों के पोखर-तालाबों में इसकी खेती हो रही है। जिले में करीब 25 एकड़ रकबा में इसकी फसल ली जाती है। सिंघाड़ा दो फसलीय है। इसे बीज डालकर या मिट्टी में मौजूद जड़ से इसकी उपज ली जाती है।

#### मखाना को नहीं मिला रिस्पांस

कृषि विज्ञान विभाग ने जलीय खेती में मखाना की फसल के लिए अनेक किसानों का प्रशिक्षण दिया लेकिन किसानों ने मखाना की खेती को रिस्पांस नहीं दिया। बताते हैं कि मखाना की खेती में ज्यादा झंझट है। मखाना पानी में तैरते पत्तों में होता है। मखाना पककर पानी में गिरता है तब इसे जालीदार यंत्र से पानी के अंदर से निकाला जाता है। इसे सुखाकर पापकार्न की की तरह फोड़ा जाता है। मेहनत के साथ इस फसल में अच्छी आमदनी है लेकिन यहां के किसान मखाना की खेती को रिस्पांस नहीं देते।

---

# धान की खेती किसानों की पहली पसंद, फसल चक्र परिवर्तन में रूचि नहीं



- धान के लिए बाजार व समर्थन मूल्य किसानों का प्लस प्वाइंट

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अंचल के किसान धान फसल का मोह नहीं छोड़ पा रहे हैं। दलहन-तिलहन फसल को लेकर उत्सुकता नहीं दिखती। इसकी वजह से जमीन की उर्वरक क्षमता कम हो रही है। कहीं-कहीं तो जमीन बंजर हो गई है।

अंचल के कृषक फागूराम निषाद, जगदीश साहू, भुनेश्वर साहू, मोहन साहू, कृष्णा पटेल ने बताया कि वे 10 से 15 एकड़ में खरीफ और रबी दोनों सीजन में धान की फसल लेते हैं। उनका कहना है कि धान की फसल लेने का मुख्य कारण भरपूर सिंचाई साधन और विक्रय के लिए बाजार है। धान का समर्थन मूल्य हर साल बढ़ रहा है। वर्तमान में 21 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से प्रति क्विंटल 3100 रुपए मिल रहा है। पिछले 10 वर्ष का रिकार्ड देखे तो धान का समर्थन मूल्य दोगुना हो गया है। ऐसे में किसानों को धान फसल में मुनाफा ज्यादा दिख रहा है। इसके विपरीत दलहन-तिलहन उन्हारी के लिए बाजार का अभाव है। किसान अगर उन्हारी फसल लेते हैं तो उनकी उपज को खरीदने वाला कोई नहीं है। शासन प्रशासन की ओर से बाजार व समर्थन मूल्य का अभाव है। ऐसे में किसान अपनी उपज औने पौने दाम में बेचने मजबूर हो जाते हैं जिससे उन्हें लाखों का नुकसान होता है। सरकार यदि लहन-तिलहन के लिए बाजार की व्यवस्था कर समर्थन मूल्य घोषित करती है तो किसानों का उन्हारी फसल की ओर रूझान बढ़ेगा।

#### धान का रकबा ज्यादा है : कृषि उपसंचालक

कृषि उपसंचालक मोनेस साहू ने बताया कि जिले में खरीफ फसल के लिए धान का रकबा 1.38 हजार हेक्टेयर है। दलहन-तिलहन उन्हारी के लिए जीरो प्रतिशत है। इसी प्रकार ग्रीष्मकालीन रबी फसल के लिए धान फसल 30 हजार हेक्टेयर में ली जाती है। वहीं उन्हारी फसल 56 हजार हेक्टेयर में लगती है। श्री साहू ने बताया कि किसानों में जागरुकता आ रही है। ग्रीष्मकालीन रबी फसल में धान फसल का रकबा घटा है। उन्हारी फसल लेने रूझान बढ़ा है। अब खरीफ के लिए भी किसानों को मोटिवेट किया जाएगा।

#### जमीन की उर्वरता कम हो रही : कृषि वैज्ञानिक

वैज्ञानिक शक्ति वर्मा ने बताया कि फसल चक्र कृषि प्रबंधन का एक रूप है जो मृदा की उर्वरता को बनाए रखता है। कीट व्याधि को कम करता है। साथ ही उन्हारी फसल की बाजार में पूर्ति होती है। धान में मकड़ी या पेनिकल माइट की समस्या, लाल कीट, ब्लड वर्म का प्रादुर्भाव होता है। खेतों में काई की समस्या, जलधारण क्षमता कम होना, खेत का जल्द सूख जाना, मृदा का अत्यधिक अम्लीय व पत्थर के समान कठोर होना आदि समस्या आती है। श्री वर्मा ने बताया कि जमीन को बंजर बनाने से रोकने फसल चक्र आवश्यक है।

---

उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचने लगे मरीज

# तापमान में वृद्धि से लू का खतरा बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

तापमान में लगातार हो रही वृद्धि के कारण लोग लू की चपेट में आने लगे हैं। पीड़ित मरीज उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचने लगे हैं।

भीषण गर्मी के चलते दोपहर में सड़कें सूनी हो रही हैं। वहीं तापमान में वृद्धि के कारण लू लगने का खतरा मंडराने लगा है। वहीं डिहाइड्रेशन की भी संभावना बढ़ गई है। लू लगने से सिर में भारीपन और दर्द, तेज बुखार के साथ मुंह का बार-बार सूखना, चक्कर व उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने के बाद भी पसीने का न आना, अधिक प्यास लगना, भूख न लगना, बेहोश होना प्रमुख लक्षण है। वहीं लू से बचाव, धूप में निकलने से पहले सिर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह बांधे, अधिक मात्रा में पानी पीये, ज्यादा समय तक धूप में न रहे। इस मौसम में मुलायम सूती कपड़ा पहने ताकि हवा व पानी पसीने को सोखते रहे। अधिक पसीना आने की स्थिति में ओआरएस घोल का सेवन कर सकते हैं। लू की संभावना को देखते हुए जिला अस्पताल में मरीजों के लिए पूर्व में ही तैयारी कर ली गई थी। अस्पताल में चार स्थानों पर ओआरएस कार्नर बनाया गया है जहां अस्पताल पहुंचनने वाले मरीजों व परीजनों के लिए ओआरएस घोल उपलब्ध कराया गया है। वहीं आईसीयू में लू के मरीजों के लिए दो बिस्तर रिजर्व में रखा गया है। हालांकि अब तक जिला अस्पताल में लू से पीड़ित गंभीर मरीज नहीं आया है, लेकिन तापमान में वृद्धि के चलते निर्जलीकरण व लू के लक्षण के मरीज उपचार के लिए अस्पताल पहुंच रहे हैं।





#### लू से बचाव के लिए व्यवस्था

अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु में लू के खतरे को देखते हुए जिला अस्पताल में पर्याप्त व्यवस्था कर ली गई है। आईसीयू वार्ड में दो बेड रिजर्व रखा गया है। अभी तक लू के गंभीर मरीज नहीं आए हैं।





### बाउंड्रीवाल, सेप्टिक टैंक चोरी की शिकायत

**धमतरी।** मगरलोड ब्लाक के ग्राम आमाचानी में बाउंड्रीवाल तथा सेप्टिक टैंक चोरी हो जाने की सूचना कलेक्टर को दी गई है। आमाचानी के ग्रामीण देवनाथ कंवर ने कलेक्टर को सौंपे आवेदन में कहा है कि ग्राम पंचायत शुक्लाभाठा के आश्रित ग्राम आमाचानी में पंचायत द्वारा मणिकंचन में बाउंड्रीवाल नहीं बनाकर दो कालम खड़ा कर गेट लगा दिया गया है। इसी तरह सेप्टिक गड्ढा नहीं बनाकर सिर्फ सीट लगा दी गई है। सूखे बोर में मोटर पंप लगाकर ग्रामीणों को गुमराह किया जा रहा है। इसी तरह सीसी रोड में अनियमितता हो रही है। नियम विरूद्ध राशि का आहरण किया गया है। उन्होंने उपरोक्त निर्माण कार्यों की तत्काल जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।



---

परिजनों की पीठ पर गर्म बड़ा मारने की परंपरा 100 साल से चली आ रही



# धुरी परिवार में बड़ा खेल की अनोखी रस्म, खौलते तेल में डाला हाथ, निकाले बड़े

- सिर्री के धुरी परिवार में रस्म निभाने की परंपरा देख लोग हुए आश्चर्यचकित

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

विभिन्न समाज में शादी पर अनेक रस्म निभाई जाती है लेकिन ग्राम सिर्री के धुरी परिवार में शादी के समय अनोखी रस्म निभाई गई। धुरी समाज के नंदुराम के घर बेटी निशा की शादी में पूरे परिवार ने मिलकर एक अनोखी रस्म निभाई जिसे देख लोगों ने दांतोतले उंगली दबा ली। इसे बड़ा खेल के नाम से जाना जाता है।

शादी में मायन के दिन उनके परिवार का कोई एक सदस्य उपवास रखकर अपने इष्टदेव भगवान भोलेनाथ का आह्वान करता है। इष्टदेव की विधिवत पूजा -अर्चना के बाद मंडप में ही परिवार के सभी दंपति एक के बाद एक सिलबट्टे में दाल की पिसाई करते हैं जिसे सील पोहना कहा जाता है। इसे केवल दंपति ही करते हैं। उसके बाद मंडप में ही चूल्हा बनाकर उस पर कढ़ाई रखकर खौलते तेल में उड़द दाल का बड़ा बनाया जाता है। दो व्यक्ति बड़ा बनाते हैं और परिवार की बाकी महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग आदि उस खौलते तेल में हाथ डालकर उस गर्म बड़ा को निकालते हैं और अपने परिजनों की पीठ पर मारते हैं। तत्पश्चात उनसे आशीर्वाद लेते हैं। यह खेल लगभग 2 घंटे तक चलता है। बच्चे भी इस रस्म को निभाने में पीछे नहीं रहते।

56 वर्षीय नंदूराम धुरी, त्रिलोकी, बलराम, केसरी, सूरज धुरी ने बताया कि विवाह के समय यह अजब रस्म धुरी समाज में ही निभाई जाती है। इसे बड़ा खेल के नाम से जाना जाता है। यह रस्म धुरी समाज में पीढ़ी दर पीढ़ी निभाई जा रही है। विवाह के समय इस परंपरा को निभाते 100 साल से भी ज्यादा हो चुका है।

लक्ष्मीनाथ धुरी, कुमारीबाई, रामेश्वर, कौशलबाई, तीजोबाई, अश्वनी, रानी, अंजनी, ज्योति, चित्रसेन, देवाबाई, बीरेंद्र, लीना, कान्हा, वियान, मोना, प्रिया, निधि, तिलक, दूजराम, कमल, ईश्वर, गैंदलाल समेत परिवार के अन्य सदस्यों ने खौलते तेल में हाथ डाल गर्म बड़ा निकालकर बड़ा खेलने की रस्म निभाई।

---

### ई-कोर्ट में लंबित प्रकरणों की सूची तैयार करने प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त

**धमतरी।** स्वामित्व योजना के तहत जिले के राजस्व ग्रामों में स्थित ग्रामीण आबादी भूमि की जीआईएस प्रणाली द्वारा भू-सर्वेक्षण कर अभिलेख तैयार करना प्रक्रियाधीन है। कलेक्टर नम्रता गांधी ने सर्व साधारण के लिए उद्घोषणा जारी करने, सूचनाओं की तामिली की अभिस्वीकृति की पंजी संधारण करने एवं ई-कोर्ट में लंबित प्रकरणों की सूची तैयार करने तहसीलवार संबंधित तहसीलदार को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया है। इनमें धमतरी, कुरूद, भखारा, मगरलोड, नगरी, कुकरेल और बेलरगांव तहसील के तहसीलदार शामिल हैं।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

**खबर संक्षेप**

### मुखबिरी की आशंका में मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** मुखबिरी की आशंका के चलते युवक से मारपीट का मामला सामने आया है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि प्रार्थी उत्तम कुमार हरबंश पिता अर्जुनलाल हरबंश (38) निवासी जेलपारा बेमचा के साथ गांव के आरोपी राकेश सात्रा पिता बेनोराम ने मुखबिरी करने की बात करते हुए गाली गलौज, हाथ मुक्का, लोहे की राड से मारपीट कर चोट पहुंचाया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323 के तहत मामला दर्ज किया है।

### फांसी लगाकर दो लोगों ने की आत्महत्या

**महासमुंद।** जिले के बागबाहरा और सरायपाली थाना अंतर्गत फांसी लगाकर दो लोगों की मौत का मामला सामने आया है। बागबाहरा पुलिस ने बताया कि कल्याणपुर बागबाहरा में ओमप्रकाश ठाकुर पिता बाबूलाल ठाकुर (20) ने अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं सरायपाली पुलिस ने बताया कि लुकापारा अटल आवास के पीछे रहने वाले चंद्रकुमार चंद्रा पिता रामगोपाल निवासी उजभिट्ठी सारंगढ़ ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### जहर सेवन से महिला युवक की मौत

**महासमुंद।** जहर सेवन के बाद इलाज के लिए महासमुंद के निजी अस्पताल में भर्ती एक महिला की मौत हो गई। पटेवा पुलिस ने बताया कि सुबोतिन बाई यादव पति गेंदराम (46) ने 18 जनवरी को अज्ञात कारणों से जहर सेवन कर लिया था। इसके बाद उसे महासमुंद के निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। वहीं दूसरे मामले में कोमाखान थाना क्षेत्र के ग्राम टोंगोपानी निवासी चंद्रहास ठाकुर पिता नरेश ठाकुर (18) ने जहर सेवन कर लिया।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** तेंदूकोना पुलिस ने बेलडीह मार्ग ग्राम बुंदेली से आरोपी किशन पिता सुखसाय ठाकुर (49) के कब्जे से 7000 एमएल महुआ शराब कीमत 1400 रुपए को बरामद किया है।

**निधन**

### श्यामाबाई साहू

**मगरलोड।** ग्राम भगत परसवानी निवासी श्यामाबाई साहू 65 वर्ष का निधन 26 अप्रैल शुक्रवार को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा में ग्रामीणजन एवं सामाजिकगण उपस्थित हुए।

गुप्त रोगी संपर्क करें
पुरूष गुप्त रोगी नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, समय से पहले स्खलित हो जाना, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी व पेशाब के साथ धातु का गिरना एवं जलन होना। आयुर्वेदिक द्वारा खोई हुई शक्ति प्राप्त करें। पहले दिन से ही लाभ
पथरी रोग व बवासीर रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल ई-स्टोर के पास, बस्तर रोड, जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

## सिलीडीह में हुई छत्तीसगढ़ निषाद समाज की महासभा एवं संगोष्ठी

# भगवान राम और निषादराज का संबंध आदिकाल से : अजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव






छत्तीसगढ़ निषाद समाज 13 पाली सिलतरा गणेशपुर परिक्षेत्र की महासभा एवं विकास संगोष्ठी ग्राम सिलीडीह में हुई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अजय चंद्राकर, विशिष्ट अतिथि रामस्वरूप साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष, भाजपा प्रवक्ता चंदूलाल निषाद अध्यक्ष जिला निषाद समाज, सरपंच सिलतरा, चंद्रकुमार निषाद क्षेत्रीय अध्यक्ष गणेशपुर परिक्षेत्र, डॉ. ईश्वर निषाद केसरपाली अध्यक्ष, चोवाराम निषाद क्षेत्रीय अध्यक्ष केसरा, जिला उपाध्यक्ष हरकराम निषाद, ईश्वर निषाद अध्यक्ष जोरातराई परिक्षेत्र, संतोषी निषाद सचिव महिला प्रकोष्ठ जिला धमतरी पार्षद भखारा, गुंजा निषाद उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ धमतरी थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री चंद्राकर ने कहा कि भगवान राम और भक्त शिरोमणि गुहा निषादराज बचपन में एक ही गुरुकुल में पढ़ा करते थे। भगवान राम और गुहाराज का संबंध आदिकाल से है, जिसका प्रमाण आज भी रामायण के प्रसंग में मिलता है। निषाद समाज का संबंध भक्ति और भगवान से रहा है। शिक्षा एवं सामाजिक दृष्टि से यह समाज आगे बढ़ रहा है। अब समाज की महिलाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे आने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि चंदूलाल निषाद जिला अध्यक्ष ने कहा कि हमें पुरानी पद्धतियों में सुधार कर बालक एवं बालिकाओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना होगा। जिला उपाध्यक्ष हरखराम निषाद ने कहा कि शिक्षा एवं व्यापार के क्षेत्र में आगे बढ़कर समाज को विकास की राह पर ले जाना है। अध्यक्षता कर रहे डॉ. ललित कुमार अध्यक्ष सिलतरा पाली ने कहा कि हमें समाज में हो रही गतिविधियों को आगे बढ़ाना है। शिक्षा के माध्यम से सामाजिक बुराई को दूर करना होगा।

# प्रगति पब्लिक स्कूल दर्रा में रिजल्ट घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

प्रगति पब्लिक स्कूल दर्रा के परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। कक्षा नर्सरी में प्रथम हर्षित तारक, तनिषा द्वितीय, लोकांशा तृतीय रहे। कक्षा केजी 1 में डेविड कुमार पिता हेमलाल यादव खर्रा प्रथम, यशमित देव द्वितीय, खियांश और गगन तृतीय रहे। कक्षा प्रथम में झरना प्रथम, मीनाक्षी द्वितीय, पूर्वी पटेल तृतीय रहे। कक्षा द्वितीय में भावना प्रथम, पूर्वी द्वितीय, नुसिता, जानवी तृतीय रहे। कक्षा तृतीय में एकता प्रथम, पुष्पेंद्र साहू द्वितीय, भावेश, इशांत तृतीय रहे। कक्षा चतुर्थ में यतिरानी प्रथम, प्रेरणा द्वितीय, शिखर तृतीय रहे। कक्षा 5वीं में मानवी प्रथम, वैभव द्वितीय, कक्षा 6वीं में हर्षिता प्रथम, चमन कुमार द्वितीय स्थान पर रहे। कक्षा 7वीं में दीपक द्वितीय रहे। कक्षा 8वीं में पीयूषी प्रथम और घृतिका द्वितीय रहे।




# 9वीं और 11वीं में बेटियां रहीं अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

- कुण्डेल स्कूल में परीक्षा परिणाम घोषित

शाउमावि कुण्डेल (मधुबन) में कक्षा 9वीं एवं 11वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा प्रभारी खिलेश्वरी बनपेला ने बताया कि इस बार परीक्षा परिणाम 80 प्रतिशत रहा जिसमें बेटियों ने बाजी मारी। कक्षा 11वीं में लेखा साहू प्रथम, नामिका साहू द्वितीय तथा ममता साहू ने तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा 9वीं में झरना साहू प्रथम स्थान, केशव साहू द्वितीय तथा यामिनी साहू तृतीय स्थान पर रही।

पवन सेन ने बच्चों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि आप सभी देश के के भविष्य हैं। यदि हमें सफलता की सबसे बड़ी ऊंचाई तक पहुंचना है तो जो परिणाम मिला है उसी में संतुष्ट नहीं होना है बल्कि हम और कितना बेहतर कर सकते हैं, इसकी भावना होनी चाहिए। प्राचार्य संतोष साहू ने सभी टापर को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। संचालन व्याख्याता दिनेश साहू ने किया।

इस अवसर पर सरपंच फगेश्वरी ध्रुव, पंच प्रमिला निषाद, लता साहू, सदस्य पवन सेन, शंकरलाल साहू, खेमू यादव, पालक डुमेश्वर साहू, चंद्रहास साहू, शोभाराम, हेमलाल साहू, प्रभारी प्राचार्य संतोषकुमार, व्याख्याता खिलेश्वरी बनपेला, ममता साहू, दिनेश साहू, ललिता उइके, होमेन्द साहू, जयप्रकाश टाण्डे, योगेश निषाद, रामेश्वरी साहू, नारदराम, दशरथलाल सोनवानी, रविशंकर पटेल, कौशिल्या निषाद, केशर निषाद, दीपककुमार, देवचरण साहू, लक्ष्मी सिन्हा उपस्थित थे।



# अरौद स्कूल में परीक्षाफल घोषित



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

शासकीय प्राथमिक शाला अरौद में वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरौद सरपंच रुक्मणी साहू एवं शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गुलाबराम साहू व विशिष्ट अतिथि ग्राम पटेल पुरुषोत्तम साहू थे। कार्यक्रम में अतिथियों ने विद्यालय में संचालित गतिविधियों में विद्यार्थियों की सक्रियता एवं भागीदारी की सराहना की। मातृ-पितृ सेवा के साथ देश व समाज की सेवा करने के लिए प्रोत्साहित किया।

मौके पर प्रधान अध्यापिका पुष्पलता यादव, शिक्षिका लोकेश्वरी दीवान, प्रमोद ध्रुव, सुरेश साहू उपस्थित थे।

# देश के निर्माण में मजदूरों का महत्वपूर्ण योगदान : भानु

- मजदूर दिवस पर राजमिस्त्री संघ ने श्रमवीरों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



1 मई को विश्व मज़दूर दिवस पर राजमिस्त्री संघ के तत्वावधान में यूनियन कार्यालय कुरुद के पास मजदूर सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि भानु चन्द्राकर नेता प्रतिपक्ष नगर पंचायत कुरूद थे। अध्यक्षता जेके लक्ष्मी कम्पनी के डीलर प्रमुख अग्निहोत्री थे। विशिष्ट अतिथि अतुल केला, आशीष केला, समीर चन्द्राकर, राजमिस्त्री संघ अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव थे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि भानु चन्द्राकर ने कहा कि मजदूर मानव समाज के निर्माण के महत्वपूर्ण हिस्सा है। दैनिक उपयोग के निर्माण में आपका योगदान अविस्मरणीय है। देश के निर्माण में आपकी अहम भूमिका है। अध्यक्षता कर रहे श्री अग्निहोत्री ने कहा कि कुरूद में मजदूरों का उत्सव मनाया जा रहा है। यहां की एकता, अखंडता यूनियन की मिसाल है। आप लोगों का सम्मान सच्चे सेवकों का सम्मान है। इससे पहले राजमिस्त्री संघ द्वारा भगवान विश्वकर्मा की नगर में शोभायात्रा निकालकर यूनियन कार्यालय के पास सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें यूनियन के सैकड़ों मजदूरों ने हिस्सा लिया।

# गरिमा ने किया स्कूल का नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



शासकीय हाईस्कूल खैरझिटी मगरलोड में कक्षा 9वीं का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। गरिमा साहू सबसे अधिक अंक हासिल कर कक्षा में प्रथम रहीं। मगरलोड बीईओ मनीष साहू एवं बीआरसीसी धीरज देवांगन, प्राचार्य टी.के. साहू की उपस्थिति में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित हुआ।

कक्षा नवमी में गरिमा साहू प्रथम, द्वितीय वीणा कश्यप, तृतीय विकास साहू, चतुर्थ नेहा यादव एवं पंचम सोनम साहू रहे। उत्कृष्ट अंक हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को आगे की बेहतर सफलता के लिए शुभकामनाएं दी गई। वहीं पूरक आने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित कर कमियों की पहचान कर मार्ग प्रशस्त करने मार्गदर्शन भी किया गया।

इस अवसर पर शिक्षिका कांति साहू, शिक्षक संतोष साहू, शैलेन्द्र पारिख, राजेन्द्र साहू, बलेन्द्र साहू, कार्यालयीन स्टाफ शेखूराम साहू, आरपी सोनबेर, नंदकिशोर यादव उपस्थित थे।

# पांचवीं के छात्रों को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा

- कोरमुड़पारा स्कूल में परीक्षा परिणाम घोषित



प्राथमिक शाला कोरमुड़पारा में एसएमसी अध्यक्ष माखन लाल साहू के आतिथ्य में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। बच्चों को प्रमोशन के आधार पर कक्षा उन्नति दी गई फिर उन्हें प्रगति पत्रक वितरित किया गया। कक्षा 5 वीं के बच्चों की विदाई के यादगार पल को कैमरे में कैदकर ग्रुप फोटो खींची गई। इस फोटो को सभी बच्चों के बीच वितरण किया गया।

इस अवसर पर संस्था प्रमुख एस.पी. ग्वाले ने बच्चों को मुंह मीठा कराने के लिए बिस्किट्स और चॉकलेट वितरण किया। एसएमसी अध्यक्ष माखन लाल साहू और प्रपा एसपी ग्वाले ने बच्चों को परीक्षा परिणाम के लिए बधाई दी तथा उन्हें आगामी कक्षा में खूब मेहनत करके बढ़िया परिणाम लाने की कोशिश करने की समझाइश दी। इस अवसर पर जागरूक नागरिक रामकृष्ण ठाकुर, मानसेवी शिक्षिका सुमन लता साहू, सहायक शिक्षक रोहित कुमार साहू, सफाई कर्मी होरीलाल ध्रुव उपस्थित थे।

# आत्मानंद स्कूल कंडेल में परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कंडेल में सत्र 2023-24 का वार्षिक परीक्षा परिणाम कक्षा नवमीं और ग्यारहवीं का जारी किया गया। इसके साथ ही अंग्रेजी माध्यम के कक्षा पहली से नवमी तक का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक कमलवंशी थे। प्राचार्य राहुल नेताम, परीक्षा प्रभारी एसके साहू, एसके यादव, सीएल धीवर, जेके सार्वा ने बालक पालक की परीक्षा परिणाम पूर्व कॉउंसलिंग की। कहा कि यह जीवन का अंतिम परिणाम नहीं है, इसलिए जो सफलता प्राप्त नहीं कर पाए उन्हें हताश नहीं होना है, पुनः परिश्रम करके सफलता अर्जित कर लेना है। अंग्रेजी माध्यम में उपप्राचार्य श्रीमती नंदनी गोरले ने परीक्षा परिणाम घोषित किया। मौके पर कक्षा शिक्षिका आर बघेल, श्रीमती नीतू रानी गुप्ता, आरके चंद्रा, छत्रपाल पटेल चंद्रकमल सिन्हा, विष्णुराम तोड़े सहित विद्यालय के स्टाफ, पालकगण, छात्र छात्रायें उपस्थित थे।

## कचना में तीन मई से होगा आयोजन, तैयारी शुरू

# लोककला महोत्सव में राऊत नाचा, पंथी नृत्य होगा आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव



त्रिदेव रामधुनी व रामायण समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 3,4 एवं 5 मई को गौठान चौक बस स्टैंड कचना में रामजन्म एवं लोककला महोत्सव का आयोजन किया गया है। प्रथम दिवस भव्य शोभायात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। दीप प्रज्ज्वलन की मुख्य अतिथि श्रीमती सुभद्रा मनोज साहू सरपंच नवांगाव होंगी। अध्यक्षता हेमंत साहू पूर्व जनपद सदस्य करेंगे। विशिष्ट अतिथि पुरुषोत्तम चक्रधारी सरपंच कचना शैलेंद्र वर्मा उपसरपंच कचना, रवि सिंगौर, घनाराम साहू पटेल, चोवाराम साहू, हरिराम सेन, नकुल यादव, पुनऊ चक्रधारी, कीर्तन टंडन, चम्मन निषाद, मोहित जैन, अमित सिंह ठाकुर, चित्रसेन मानिकपुरी, बुधारु मारकण्डे होंगे। प्रथम दिवस राऊत नाचा, पंथी नृत्य एवं जस झांकी का कार्यक्रम होगा। द्वितीय एवं तृतीय दिवस छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध रामायण, रामधुनी, पंडवानी एवं फाग मंडलियों का मंचन होगा।


समापन समारोह के मुख्य अतिथि शिवनारायण ताम्रकार अध्यक्ष जिला सिविल कांट्रेक्टर होंगे। अध्यक्षता पुरुषोत्तम चक्रधारी सरपंच करेंगे। विशिष्ट अतिथि शैलेंद्र वर्मा उपसरपंच, चैतन्यगिरी गोस्वामी सरपंच सरबदा, कन्हैया लाल सिन्हा सरपंच गाड़ाडीह, श्रीमती सुभद्रा मनोज साहू सरपंच नवांगाव, चेतन देवांगन सरपंच सुपेला, हीरासिंग ठाकुर सचिव्र, आशीष रात्रे, नरसिंग साहू, सोनसाय साहू, कुमार साहू, विरेंद्र सोनवानी, कामता साहू, संतो टंडन, चैनू साहू, दयालाल साहू, मोरध्वज साहू होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में जय अम्बे रामधुनी, श्रीराम महाकाव्य मानस मंडली एवं जय सरस्वती रामधुनी मंडली कचना के सदस्य जुटे हैं।

Pride of Dhamtari



मेसर्स बजरंग इंडस्ट्रीज
खपरी, धमतरी
प्रोफाइल शीट (चादर), शटर पट्टी के निर्माता
प्रोफाइल शीट सभी कलर में उपलब्ध
◆ हमारे यहां गोल पाइप, चौरस पाइप, एंगल पट्टी, सभी साइज में उपलब्ध है।
◆ राइस मिल फिटिंग एवं रिपेयरिंग, कैंची शेड एवं गोदाम का निर्माण किया जाता है।
संपर्क : चंद्रकैलाश साहू, ग्राम खपरी (धमतरी) मो. 73890-44159, 80852-95569

आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सकों व्दारा चिकित्सा परामर्श
ओ.पी.डी.
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें
पंजीयन आवश्यक - 7389936624



स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल, बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
अगर आप मस्तिष्क रोग, स्लिप डिस्क, एवं किडनी रोग से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें

| डॉ अक्षय बैद | डॉ करण सराफ | डॉ आशु जैन |
| --- | --- | --- |
| MS,MCh, Neurosurgeon | MD,DM Nephrologist | MS,MCh, Neurosurgeon |
| ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ | किडनी रोग विशेषज्ञ | ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ |
| 03 व 17 मई 2024 शुक्रवार | 07 मई 2024 शुक्रवार | 10 मई 2024 शुक्रवार |

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-82770, नगरी -77488-10431, मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

## खबर संक्षेप

### मजदूर दिवस पर स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** मजदूर दिवस पर ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें मुन्ना बांधे, गुलशन चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि भारत देश में हर साल एक मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है। इस दिन शहीद स्मारक के आसपास जगह पर साफ-सफाई की गई।

### शिक्षा नीति पर सेमिनार का आयोजन

**महासमुंद।** आधुनिक शिक्षा में परिवर्तन करते हुए छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए हमारे देश में शिक्षा नीतियों में संशोधन करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लाई गई। नई शिक्षा नीति 2020 के तहत 3 साल से 8 साल तक के बच्चों को शिक्षा का अधिकार कानून 2009 के अंतर्गत रखा गया है। इसका उद्देश्य छात्रों को उच्च शिक्षा प्रदान करना है, जिसका लक्ष्य वर्ष 2025 तक पूर्व प्राथमिक शिक्षा को सार्वभौमिक बनाना है। महाविद्यालय में इसी एनईपी 2020 के विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में प्राचार्या अंकिता चंद्राकर, सहायक प्राध्यापक उमा चौधरी, सहायक प्राध्यापक निर्मल बंजारे, कांति साहू, टोपराम कुर्रे एवं आशी चंद्राकर उपस्थित रहे। इस सेमिनार में बीएड द्वितीय सेमेस्टर के छात्राध्यापक सुमित साहू, रोहित, होमप्रकाश, तनमय, केतन, छात्राध्यापिका मोक्षदा, सपनारानी, क्षमा इत्यादि प्रतिभागी रहे।

### शासकीय हाईस्कूल रेमड़ा में परीक्षा परिणाम घोषित

**बसना।** शासकीय हाईस्कूल रेमड़ा में कक्षा 9वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। पूरे विद्यालय का परीक्षा परिणाम 96.29 प्रतिशत रहा। हरिप्रिया यादव ने 96.1% अंक के साथ कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त की। दूसरे स्थान पर बबिता दीप 82.3% एवं तृतीय स्थान माधुरी यादव 70.3% ने प्राप्त की। संतोषी भोई माधुरी से 1 नंबर पीछे रह गई। प्रथम श्रेणी से 06, द्वितीय श्रेणी से 12, तृतीय श्रेणी से 12 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। सभी विद्यार्थियों को प्रगति पत्रक एवं मोमेंटो दिया गया। संस्था के प्राचार्य वीरेंद्र कुमार साहू ने कहा कि गर्मी के छुट्टी में भी आप लोग पढ़ाई से जुड़े रहे। शिक्षा से ही आप अपने लक्ष्य को पा सकते हैं। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में बच्चों को संदेश देते हुए कहा कि आप अपनी शिक्षा को चरितार्थ करें एवं देश के एक अच्छे नागरिक बनें।।

### आयुष 83 प्रतिशत के साथ रहे प्रथम

**महासमुंद।** गुड शेफर्ड हायर सेकंडरी में कक्षा 5वीं में अध्यनरत छात्र आयुष सिदार ने वार्षिक परीक्षा परिणाम में 2023-24 में ए ग्रेड 83 प्रतिशत में उत्तीर्ण होकर टॉप टेन में जगह बनाया है। इसी तरह छात्र लक्ष्य सिदार ने भी कक्षा 8वीं में 63 प्रतिशत से उत्तीर्ण हुए। छात्रों की सफलता पर शाला परिवार एवं मम्मी-पापा ममता राजेंद्र सिदार एवं परिजनों ने हर्ष जताया है।

### कोरबा लोकसभा के रामपुर विधासभा प्रभारी बनाए गए विधायक योगेश्वर

**महासमुंद।** कोरबा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत रामपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार अभियान के लिए महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा बीते दो दिनों से लगातार प्रचार में जुटे हैं। कोरबा लोकसभा क्षेत्र में 7 मई को मतदान होगा। इसके पूर्व पांच मई तक लगातार चुनाव प्रचार अभियान में क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर के साथ मिलकर जुटे हैं।

### नपाध्यक्ष राशि नगर की सफाई का जायजा लिया

महासमुंद। चुनाव और आचार सहिता के चलते शहर में प्रभावित हुई सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने एक बार फिर से कमान संभाली है। 40 डिग्री तामपान वाली कड़ी धूप में पालिका के स्वच्छताकर्मियों के साथ श्रीमती महिलांग शहर के मुख्य मार्ग के नालियों, डिवाइडर और ओवरब्रिज के आसपास स्वच्छता अभियान चलाते हुए सफाई कराई। नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग ने कहा कि अगर एक महिला के हाथों नगर की कमान हो तो वो शहर को अपने घर की तरह स्वच्छ रखने के साथ ही सजाती भी है।

परिक्षेत्र साहू समाज बानगर की पहल पर कर्मचारी प्रकोष्ठ ने किया आयोजन

# कातलबोड़ स्कूल में करियर मार्गदर्शन शिविर शुरू, पहले दिन 101 बच्चे पहुंचे





हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

परिक्षेत्र साहू समाज बानगर के तत्वावधान में कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा 1 से 30 मई तक हायर सेकेंडरी स्कूल कातलबोड़ में ग्रीष्मकालीन निःशुल्क शैक्षिक एवं करियर मार्गदर्शन शिविर का शुभारंभ किया गया। प्रथम दिवस लगभग 101 बच्चों की उपस्थिति हुई जिन्हें अतिथियों ने अपने प्रेरक उदबोधन से लाभान्वित किया।

जिला साहू समाज कर्मचारी प्रकोष्ठ महासचिव मनोज साहू ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य सर्व समाज के बच्चों की शैक्षणिक उत्तरोत्तर प्रगति, महासमर में शिक्षकों के समय का सदुपयोग करना, बच्चों के लिए शैक्षिक वातावरण निर्मित करना, विषयगत डाउट्स को क्लियर करना, वैज्ञानिक सोच पैदा करना, समाज में समता, समानता, संबद्धता, समृद्धि, स्वावलंबी जीवन जीने की कला, सांस्कृतिक शिक्षा, योग शिक्षा, संगीत कला, शिक्षा में सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित करना, नैतिक मूल्य परक शिक्षा, आध्यात्मिक शिक्षा, बच्चों को अपने करियर बनाने में दिशा निर्धारण करना है।

इस अवसर पर तेजन साहू संरक्षक, कौशल साहू सचिव, महेंद्र साहू, विकास साहू, रविन्द्र साहू, कामराय साहू, त्रिवेणी साहू, पद्ममनी साहू, भुनेश्वर साहू, कमलेश, हिरामन साहू, रविन्द्र साहू, सोमनलाल, कामराय, खिलेश्वर साहू, रोशन साहू, कौशल साहू, तुकेश्वर साहू, प्रदीप सोनबेर, ईश्वर साहू, तेजराम साहू, रेशम साहू, भूपेंद्र साहू, उज्ज्वला सिन्हा, अवनीश तिवारी, डोमन बंजारे, शिवकुमार तारक, भारती साहू, शेखन साहू, बलराम साहू, लुकेश साहू, हरीश साहू, विकास साहू, चिंताराम के अलावा विषय विशेषज्ञ शिक्षक-शिक्षिकाएं व परिक्षेत्र एवं ग्रामीण साहू समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।

#### 12 गांवों में लगेगा 10 दिन का समर कैंप

इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु विषय विशेषज्ञों की टीम तय की गई है, जिसमें गणित, विज्ञान, भौतिकी, रसायन अंग्रेजी, स्पोकन इंग्लिश, कॉमर्स, संगीत कला, प्रतियोगी परीक्षाएं व कक्षा 1 से 8 तक पढ़ने वाले सभी बच्चों के लिए परिक्षेत्र के सभी 12 ग्रामों में 10 दिवस का समर कैंप 5 मई से संचालित किया जायेगा जिसमे विषय विशेषज्ञों द्वारा नियमित कक्षा का संचालन किया जायेगा।

# कलेक्टर ने बढ़ाया मजदूरों का मनोबल

## अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर किया सम्मान



- जिले के 1 लाख मनरेगा मजदूरों ने कार्य की गुणवत्ता की ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मजदूरों की उपलब्धियों का सम्मान और उनके द्वारा दिये गये योगदान को याद करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया जाता है। जिले के सभी विकासखंड और ग्राम पंचायतों में मजदूरों को संगठित कर आपसी एकता मजबूत करने और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस अवसर पर जिले के 1 लाख से ज्यादा मनरेगा मजदूरों ने एक साथ शपथ ली। इस दौरान जिले की 370 ग्राम पंचायतों के लगभग 5 हजार 500 वरिष्ट मजदूरों को श्रीफल, प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कलेक्टर नम्रता गांधी ने मजदूरों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि इस तपती गर्मी में जब हम अपने घर से भी बाहर जाने के लिए भी चूकते हैं, मजदूर लगातार काम करते रहते हैं और इकॉनॉमी को आगे बढ़ाने के लिए अपना योगदान देते रहते हैं। जिले की सभी ग्राम पंचायतों में सभी नरेगा मजदूरों ने इस दिवस को बड़े उत्साह के साथ मनाया । इस अवसर पर नरेगा स्थल पर अनेक तरह के कार्यक्रम किए गए। शपथ ली गई कि कार्य को सुचारू और अच्छे ढंग से किया जाएगा और गुणवत्ता पर ध्यान दिया जायेगा। सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव ने कहा कि श्रमिकों का समाज में योगदान न केवल आर्थिक रूप से है बल्कि उनके अधिकारों और सामाजिक स्थिति के मामले में बहुत महत्वपूर्ण है। धमतरी जिले में मनरेगा योजना के तहत कुल 1 लाख 45 हजार 899 सक्रिय पंजीकृत परिवार हैं जिसमें 02 लाख 99 हजार 818 श्रमिक हैं और 1 लाख 49 हजार 909 सक्रिय महिला श्रमिक लाभान्वित हो रहे हैं। जिले में संचालित मनरेगा कार्यस्थल पर उपस्थित मजदूरों ने छत्तीसगढ़ी बोली में कार्य की गुणवत्ता और 100 दिन का रोजगार प्राप्त करने की ली शपथ ली।

## मजदूरों को मीठा पानी पिलाकर किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

ग्राम पंचायत अमलीडीह में विश्व श्रमिक दिवस पर रोजगार गारंटी कार्य पर मजदूरों को मीठा पानी देकर सम्मानित किया गया।

मौके पर शिवदयाल साहू सरपंच,पवन साहू रोजगार सहायक, गुलाप राम साहू, जितेन्द्र साहू, संतोष साहू, ओमप्रकाश निर्मलकर पंचगण उपस्थित थे।

## बागोडार में श्रमिक दिवस मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭कुकरेल(धमतरी)

ग्राम पंचायत लीलर के आश्रित ग्राम बागोडार में मजदूरों द्वारा श्रमिक दिवस पर कार्यक्रम रखा गया था। इस दौरान लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर तकनीकी सहायक अधिकारी प्रियंका देशमुख, रोजगार सहायक तुलसीराम ध्रुव, मेट विशेष कुमार नेताम, बिंदेश्वरी तथा मजदूरगण मनोहर, राजाराम, तिलक, राजेंद्र, उमेन्द्र, अजय, निरंजन, पोखन मरकाम उपस्थित थे।

# असफलता से सीख लेते हुए भविष्य में सुधार की प्लानिंग करें : प्राचार्य

- स्वामी आत्मानंद स्कूल हटकेश्वर में परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हटकेश्वर में कक्षा छठवीं, सातवीं आठवीं, नवमी एवं 11वीं का परीक्षा परिणाम संस्था के प्राचार्य राजकुमार शर्मा द्वारा घोषित किया गया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रहा। सफल छात्र-छात्राओं को संस्था के प्राचार्य एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने तिलक वंदन एवं मेडल द्वारा सम्मानित किया।

प्राचार्य ने कहा कि यह परीक्षा अंतिम परीक्षा नहीं है। जीवन में अनेक परीक्षाओं का सामना करना है। यह परीक्षाएं आने वाली बड़ी परीक्षा की सीढ़ी हैं। असफलता से सीख लेते हुए भविष्य में सुधार करने की प्लानिंग करनी है। प्राचार्य ने समर क्लास के बारे में बताया कि प्रातः 7:30 बजे से 10:30 बजे तक संगीत कला, रंगोली, चित्रकला, पेंटिंग, स्पोकन इंग्लिश हैंडराइटिंग सुधार एवं विविध विषयों पर प्रातः विद्यालय खुला रहेगा।

## भखारा के कांग्रेसियों ने श्रमिक दिवस पर खाया बोरे बासी



- विश्व श्रमिक दिवस पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के निवास पर हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

विश्व श्रमिक दिवस पर पूर्ववर्ती कांग्रेस नीत भूपेश बघेल सरकार ने छत्तीसगढ़ी खान-पान व मेहनतकश श्रमिकों के भोज्य को पहचान दिलाने 1 मई को बोरे बासी खाने की शुरूआत की थी। इस परंपरा को जारी रखते हुए ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा अध्यक्ष राजू साहू के निवास में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों सहित आमजनों ने बोरे बासी खाया। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति गोविंद साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष शारदा साहू , जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष भरत नहर, सभापति जनपद पंचायत कुरूद परमेश्वरी महेंद्र साहू, मनमोहन साहू, गैंदलाल साहू, कुलेश्वर साहू, अनुसुइया साहू, जमुना साहू, हर्ष साहू, रविंद्र सेन, सारांश साहू, माही, खिलेश साहू सहित अन्य मौजूद थे।

## श्रमिकों का योगदान अतुलनीय : बीआर

- भैंसबोड़ में श्रीफल भेंटकर मनरेगा मजदूरों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी



ग्राम भैंसबोड़ में अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत चल रहे तालाब नवीनीकरण कार्य पर मजदूरों को तिलक लगाकर एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मौजूद बीआर वर्मा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुरुद ने कहा कि किसी भी समाज, देश, संस्था व उद्योग में मज़दूरों, कामगारों और मेहनतकशों की अहम भूमिका होती है। समाज, देश के विकास में इन श्रमिकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इन मेहनतकश श्रमिकों के बिना कोई भी औद्योगिक ढांचा खड़ा नहीं किया जा सकता। आगे कहा कि देश के विकास में इनका योगदान अतुलनीय है। सरपंच प्रतिनिधि दिलीप साहू ने बताया कि भैंसबोड़ में लगातार रोज़गार उन्मुख कार्य किए जा रहे हैं। इससे परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार आया है। इस अवसर पर रोजगार सहायक डाकेश साहू को मनरेगा के तहत उत्कृष्ट कार्य करने पर मुख्य कार्यपालन जनपद पंचायत कुरुद द्वारा शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर श्रीमती कुंती देवांगन कार्यक्रम अधिकारी जपं कुरुद, दिलीप साहू सरपंच प्रतिनिधि भैंसबोड़, शत्रुहन साहू उपसरपंच, लक्ष्मण साहू पंच, उर्मी सेन पंच, अनुराग ध्रुव तकनीकी सहायक जपं कुरुद, हरिश साहू, सेवकराम, भानुप्रताप, ओमेशकुमार, गंगाराम, गंगूराम, आरती राम, अनंतलाल, चनद्रिका, उत्तम, भागवत, अनीता, उषाबाई, जानकीबाई, केकती, सुंदरबाई, मानबाई, धनंजय तारक मेट, चमेली, प्रमिला, नरेशु, लक्ष्मीनारायण यादव सहित अनेक मजदूर उपस्थित थे।

## बिलासपुर से देवेंद्र को जिताने कांग्रेस ने तारिणी को दी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



आगामी 7 मई को बिलासपुर संसदीय क्षेत्र का भी चुनाव होना है। यहां से देवेंद्र यादव कांग्रेस प्रत्याशी हैं जिसे जिताने धमतरी जिला पंचायत सदस्य एवं कांग्रेस नेत्री तारिणी चंद्राकर को प्रदेश कांग्रेस ने बड़ी जिम्मेदारी देते हुए उन्हें वहां का प्रचार एवं प्रबंधन सम्हालने का काम सौंपा है। बता दें कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारी और वरिष्ठ नेतागण पूरी ताकत के साथ चुनाव प्रचार में लगे हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी और प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश सहप्रभारी विजय जांगिड़, प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत की अनुशंसा पर कुरुद विधानसभा क्षेत्र कांग्रेस से विधायक प्रत्याशी रही तारिणी चंद्राकर को बढ़ी जिम्मेदारी देते हुए बिलासपुर लोकसभा का प्रभारी बनाया है। वे कांग्रेस प्रत्याशी देवेन्द्र यादव के प्रचार और प्रबंधन में रहेंगी।

### दानवीर भामाशाह की जयंती पर नेत्रदान की घोषणा

**कुरूद।** कुरुद नगर निवासी रोशन साहू ने दानवीर भामाशाह की जयंती एवं अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में नेत्रदान करने की घोषणा कर घोषणा पत्र सिविल अस्पताल कुरुद के नेत्र रोग शाखा को प्रदान किया है। उन्होंने यह घोषणा खण्ड नोडल अधिकारी डॉ. क्षितिज साहू के प्रेरणा से किया है। जिस पर डॉ साहू ने रोशन की प्रशंसा करते हुए जनमानस को नेत्रदान को परम्परा के रूप बनाये रखने एवं अन्य लोगों को भी इस पुनित कार्य के लिए आगे आने की बात कही। इस अवसर पर डॉ लोमश कुर्रे उपस्थित थे।

# मोंगरा के टावेंद्र व टाकेश का अग्निवीर में चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

#### ग्रामीणों ने बैंडबाजा, आतिशबाजी के साथ देश सेवा के लिए किया विदा

अंचल में कृषक परिवार से एक ही गांव के दो युवकों का अग्निवीर में चयन हुआ है। ग्रामीणों ने खुशी व्यक्त करते हुए युवकों को बाजे-गाजे के साथ धूमधाम से देश सेवा के लिए विदा किया। मोंगरा के उन्नत कृषक नन्द लाल के पुत्र टाकेश साहू का आर्टिलरी ट्रेनिंग सेंटर नासिक महाराष्ट्र के लिए एवं मनेश साहू कृषक के पुत्र टावेन्द्र साहू का एएससी सेंटर नम्बर 1 बैंगलोर कर्नाटक के लिए भारतीय सेना (अग्निवीर) में चयन होने पर ग्रामीणों में काफी उत्साह है। विगत दिनों बैंडबाजा, आतिशबाजी, भजन मंडली के माध्यम से कीर्तन करते हुए प्रशिक्षण स्थल के लिए विदाई दी गई। इधर ग्रामीणों का उत्साह व प्यार पाकर दोनों युवाओं ने गांव सहित अंचल के युवाओं को समय का सदुपयोग करते हुए देश सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ने अपनी तैयारी जारी रखने व अंतिम प्रयास तक हार न मानने की बात कही।

# सिवनीखुर्द के युवाओं ने की साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



मजदूर दिवस पर ग्राम सिवनीखुर्द के प्रमुख चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई की गई। युवाओं ने गांव को साफ-सुथरा एवं हरा-भरा बनाये रखने का संकल्प लिया। इस कार्य में युवराज, नोहरू, द्वारिका, परमानन्द, हेमंत, द्रोण, अजित, देवधर, चुम्मन, महेश्वर, प्रमोद, धनेंद्र, नीरज, रामचरण, डोमन का योगदान रहा।

# सेजेस बठेना का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मेहतरू राम धीवर शासकीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय बठेना में लोकल परीक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम संस्था प्राचार्य एन पाण्डेय ने छात्र-पालकों के समक्ष घोषित किया।

एलकेजी से भिवंशी साहू प्रथम, ग्रंथ साहू द्वितीय, गुणवंत सिन्हा तृतीय, यूकेजी में तनीषा वैद्य प्रथम, मनीष साहू द्वितीय, पूर्वीत साहू तृतीय,पहली में पारुल साहू प्रथम, चेतस्य चंद्राकर द्वितीय, पूर्वांश कुमार साहू तृतीय, कक्षा दूसरी में योत्सना सिन्हा प्रथम, कुमारी ख्याति साहू द्वितीय, कीर्ति निर्मलकर तृतीय, कक्षा तीसरी में मायरा चक्रधारी प्रथम, आरवी देवांगन द्वितीय, काव्यांशी पटेल तृतीय, कक्षा चौथी में इशिका साहू प्रथम, आरना पठाडे द्वितीय, गुलशन रात्रे तृतीय, कक्षा पांचवी में हिमांक साहू प्रथम, चिराना तिवारी द्वितीय, पूर्वी साहू तृतीया, कक्षा छठवीं में अनन्या सिंह प्रथम, अनंतराज सिंह द्वितीय, मलय बेगानी तृतीय, कक्षा सातवी में सूर्यकांत गजेंद्र प्रथम, आस्था सोनकर द्वितीय, लक्ष्मीकांत साहू तृतीया, कक्षा आठवीं में -अनुश्री सिन्हा प्रथम, अर्णवप्रसन्नजीत सिंह द्वितीय,नोमेश गजेंद्र तृतीय, कक्षा नवमीं में प्रथम तुषार साहू , द्वितीय-मौली वर्मा, तृतीय- लक्ष्य शांडिल्य, कक्षा ग्यारहवीं में कॉमर्स संकाय से पूर्णिमा सोनी प्रथम, गीतांजलि देवांगन द्वितीय, डेमन लाल पटेल तृतीय , विज्ञान संकाय से प्रथम केसरी शामले, द्तीय अहमद रजा, तृतीय फाल्गुनी साहू रहे।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चने दानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

**खबर संक्षेप**

## अज्ञात वाहन की ठोकर से गाय की मौत

■ ग्राम सोनेवारा के पास हुई घटना

**मगरलोड।** इलाके की सड़कों पर गाड़ियां फर्राटे दौड़ रही हैं। मंगलवार की शाम 7 बजे ग्राम सोनेवारा में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने गाय को ठोकर मार दी जिससे मौके पर ही मौत हो गई। वाहनों की रफ्तार पर कोई अंकुश नहीं है। ज्ञात हो कि मेघा, मोहंदी, राजपुर, सरगी, सोनेवारा, पहंदा, बोरसी तक सड़कों में हजारों हाईवा तेज गति से रेत का परिवहन कर रहे हैं। शासन प्रशासन द्वारा तेज गति के वाहनों पर कड़ी कार्रवाई नहीं की जाती है।

## अमलोर स्कूल में लगा सेहत जांच शिविर

**महासमुंद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुमगांव की चिरायु टीम द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला अमलोर में प्रोजेक्ट इनोवेशन के तहत हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में सिकलसेल, आंख, कान, ऊंचाई, वजन, चमड़ी की बीमारियां, एचआईवी आदि की जांच एवं फोलिक एसिड दवाइयों का वितरण किया गया। शाला की तरफ से नेपकिन एवं टूथब्रश, पेस्ट दिया गया। शिविर में कुल 70 बच्चे लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में डॉ देवेंद्र साहू, डॉ परमेश्वरी धीवर, धनेश्वर दीवान, विशाखा साहू, योगेश्वरी ध्रुव, नेत्र सहायक रामेश्वर सिन्हा, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष बाबूराम ध्रुव, सरपंच रुपा यादव, ग्रामीणजन जयप्रकाश यादव, सोमन ध्रुव, दिनेश ध्रुव, संकुल प्राचार्य, संकुल समन्वयक जोगिंदर गिलहरे, पूर्व माध्यमिक शाला प्रधानपाठक पीपी पांडेय, हिरदे ध्रुव प्रधान पाठक, चंद्राकर, राजू कंवर उपस्थित रहे।

## राहगीरों को शीतल जल व गुड़ का वितरण

**सरायपाली।** भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत प्रदान करने के लिए छत्तीसगढ़ चेम्बर्स आफ कामर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल द्वारा शीतल पेयजल के साथ मीठा गुड़ का वितरण किया गया। क्षेत्र में बढ़ रही भीषण गर्मी के चलते जय स्तंभ चौक के आगे मेन रोड पर लोगों को रोक-रोक कर शीतल पेयजल व गुड़ पिलाने का कार्य किया गया।

**कांग्रेसियों ने कहा-** छत्तीसगढ़ राज्य की संस्कृति और रीति रिवाज को पहचानने के साथ प्रचारित करने की आवश्यकता

# श्रमिकों के सम्मान में नागरिकों ने खाया बोरे बासी


विधायक ओंकार साहू


नगर निगम महापौर विजय देवांगन


पूर्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव आनंद पवार


वरिष्ठ कांग्रेसी नेता आलोक जाधव


पूर्व पार्षद योगेश लाल

**1 मई श्रमिक दिवस**


युवा कांग्रेस नेता हितेश गंगबीर


युवा कांग्रेस नेता कृष्ण कुमार मरकाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

श्रमिक दिवस के मौके पर मजदूरों के सम्मान में नागरिकों ने बोरे बासी का लुत्फ उठाया। उनके कार्यस्थल में जाकर श्रमिकों का सम्मान किया। इस अवसर पर धमतरी विधायक ओंकार साहू ने कहा कि श्रमिक दिवस के अवसर पर बोरे बासी खाकर इस परम्परा को मजबूती देने का काम किया है। पूर्ववर्ती सरकार ने बोरे बासी खाने की परम्परा शुरू की थी। जिसकी आज शुरूआत करते हुए परम्परा का लुत्फ उठाया।

महापौर विजय देवांगन ने कहा कि हर नागरिक गांव से जुड़ा हुआ है। श्रमिकों की समस्या से लोग भलीभांति परिचित है जिसका समाधान भी आवश्यक है। झोपड़ी में रहकर मजदूर लोगों के लिए बिल्डिंग बनाते हैं। ऐसे श्रमिकों का हम नमन करते हैं। देश का विकास श्रमिकों के कंधों पर टिका हुआ है।


महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सूर्यप्रभा चेटियार


दुग्ध महासंघ के पूर्व अध्यक्ष विपिन साहू एवं कांग्रेसी नेता आलोक जाधव ने श्रमिकों का सम्मान करते हुए उन्हें जलपान कराया


जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सूर्यप्रभा चेटियार, शमीना अंजुम, मोहिनी साहू ने श्रमिकों को श्रीफल, गमछा देकर सम्मानित किया

युवा नेता आनंद पवार ने कहा कि सुबह बासी खाकर उन्होंने परंपरा का निर्वहन किया है। बोरे बासी छत्तीसगढ़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण आहार है। आज भी कुछ वर्ग का बासी मुख्य भोजन है। स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से बासी शरीर के लिए काफी फायदेमंद है। महिला कांग्रेस अध्यक्ष सूर्यप्रभा चेटियार ने बोरे बासी खाकर अपनी दिनचर्या की शुरुआत करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति और रीति-रिवाज को बड़े स्तर पर प्रोत्साहित और प्रचारित करने की जरूरत है। हमें श्रमिकों की तकलीफ को समझते हुए उसका निदान खोजना चाहिए। आगे आकर उनके हित में चिंतन कर कार्य करना चाहिए। प्रबुद्ध नागरिक विपिन साहू एवं आलोक जाधव ने श्रमिकों को सम्मान देते हुए कार्यस्थल पर जलपान कराया एवं उन्हें सम्मानित किया। इसके अलावा बोरे बासी खाकर दिन की शुरूआत की और छत्तीसगढ़ी परंपरा को आगे बढ़ाने की अपनी भागीदारी निभाई। पूर्व पार्षद योगेश लाल ने कहा कि हमारी कोशिश रहनी चाहिए कि बोरे बासी परंपरा को बरकरार रखे।

शहर के हितेश गंगवीर व कृष्णकुमार मरकाम ने बोरे बासी खाकर श्रमिकों को शुभकामनाएं दी और कहा कि मेहनतकश लोगों के भोजन को सम्मान देने का दिन है, जो परंपरा हमने शुरु की उसे जारी रखने का दिन है। बोरे बासी खाकर मजदूरों का सम्मान करें और परंपरा को आगे बढ़ाएं। बोरे बासी गांव देहात से जुड़ी बात है। यह बरसों से गांवों की संस्कृति में रची बसी है। इस परंपरा का स्वागत हम सबको करना चाहिए।

# भारत के नवनिर्माण में मजदूरों की अहम भूमिका : उमेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भाजपा गंगरेल मंडल के अध्यक्ष उमेश साहू की टीम ने मजदूर दिवस मनाया। गंगरेल में काम कर रहे महिला और पुरुष मजदूर को पानी बोतल और श्रीफल देकर उनका सम्मान किया। उमेश साहू ने मजदूरों से बात करते हुए कहा कि यह भाजपा की परंपरा है।



भाजपा सिर्फ वोट मांगने चुनाव के समय नहीं आती है बल्कि समाज के विभिन्न आयोजन में उनके कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं और लोगों के बीच रहकर सेवा कार्य करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा अंतिम पंक्ति पर बैठे व्यक्ति के लिए योजनाएं चलाई जा रही है जिसका लाभ उन्हें उठाना चाहिए। जागेंद्र साहू जनपद सदस्य ने भी सरकार की अनेक योजनाओं के बारे में बातचीत की। रूपाली ध्रुव जनपद सदस्य ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। मौके पर कीर्तन साहू, धीरेंद्र सिंह, अजय गार्डिया, राहुल उपस्थित थे।

# सशिमं मंदरौद में परीक्षाफल घोषित



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सशिमं मंदरौद में अरुण से अष्टम तक के कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ।

मुख्य अतिथि सियाराम साहू सेवानिवृत शिक्षक थे। अध्यक्षता रामदयाल साहू ने की। विशिष्ट अतिथि देवाराम साहू थे। अतिथियों ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए उनकी उत्तरोत्तर उन्नति की कामना की। यह जानकारी प्रधानाचार्य टीकाराम साहू ने दी है।

## सिंध शक्ति महिला संगठन का 14 को एक पिकनिक दादी मां के नाम

**धमतरी।** एक शाम बुजुर्गों के नाम इस तर्ज पर सिंध शक्ति महिला संगठन एवं पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वाधान में एक पिकनिक दादी मां के नाम पर मकई गार्डन में होने जा रहा है। 14 मई को शाम के 5 दादी मां की पिकनिक का आयोजन किया जा रहा है। इस ही क्रम में सोमवार को पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष चंदूलाल जसवानी, बंटी वाधवानी, अशोक बुधवानी, पार्वती वाधवानी, साक्षी वाधवानी, संगीता वाधवानी, रोमा राहुजा, सिमरन वाधवानी ने मकई गार्डन का निरीक्षण किया। दादी लोगों के लिए कैसी व्यवस्था करनी चाहिए इस पर चर्चा की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष चंदू जसवानी ने कहा कि हमारे बुजुर्ग माताएं एवं दादी अपने घरों में रहती हैं उन्हें एक दिन उनके नाम पर एंजॉय करने के लिए यह एक शाम बना रहे हैं। इस एक शाम में वे यहां पर आकर इंज्वाय करेंगी।




# जलसंकट के लिए स्थानीय प्रशासन जिम्मेदार : संतोषी



**भखारा।** नगर पंचायत भखारा में पिछले 10 दिनों से जल संकट गहराया हुआ है। लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। नगर पंचायत भखारा में पानी की समस्या कोई नई बात नहीं है। भठेली में हमेशा पानी की समस्या बनी रहती है। इस समस्या से वार्डवासियों एवं उनके द्वारा कई बार नगर पंचायत को अवगत कराया गया लेकिन समस्या को गंभीरता से नहीं लिया गया था जिसका परिणाम नगरवासियों को भुगतना पड़ रहा है। एक सप्ताह से मांग करने पर मुश्किल से एक टैंकर पानी मिला।







## सिलघट-कोलियारी मोड़ बना डेंजर पॉइंट



**कोर्रा(भखारा)।** पुराना धमतरी-भखारा-रायपुर स्टेट हाईवे में नगर पंचायत भखारा के सिलघट -कोलियारी मोड़ पर आए दिन दुर्घटना हो रही है। इस मोड़ पर दो लोगों की मौत एवं कई लोग घायल हो चुके हैं। गाड़ियों की तेज रफ्तार को रोकने के लिए यहां पर किसी प्रकार का उपाय नहीं किया गया है। यहां पर न जेबरा क्रॉसिंग की गई है और न ही रिफ्लेक्टर लगाया गया है। यही स्थिति पीपराही तालाब जाने क्रॉसिंग पर है। यहां पर भी कई लोग घायल हो चुके हैं। नागरिकों ने कोलियारी मोड़, पुराना बस स्टैंड, हाईस्कूल चौक, भठेली मोड़ में डिजिटल सिग्नल लाइट लगाने की मांग की है।

## सर्वोदय स्कूल का परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रहा



**धमतरी।** सर्वोदय उमाशा धमतरी में वार्षिक परीक्षाफल इस वर्ष भी श्रेष्ठ रहा। परीक्षाफल की घोषणा प्राचार्य टीआर सिन्हा ने की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शकुंतला साहू समाजसेविका थी। अध्यक्षता टीआर सिन्हा प्राचार्य ने की। विशिष्ट अतिथि केशवराम साहू पालक एवं कीर्तन मीनपाल रहे। इस अवसर पर कक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र, मेडल देकर सम्मानित किया गया। वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को स्कूल परिवार ने शुभकामनाएं दीं।

